# भारतीय राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी (इन्सा)

**बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002**

सं. : इन्सा/प्रशासन/2026-27/ 249

16 जून, 2026

भारतीय राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी में मानव संसाधन एवं विकास संबंधी कार्यों के प्रबंधन हेतु निम्नलिखित पदों पर **पूर्णतः संविदा आधार** पर एक वर्ष की अवधि के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

| | |
|---|---|
| **पद का नाम** | वरिष्ठ परामर्शदाता |
| **रिक्तियों की संख्या** | 01 (एक) |
| **पात्रता मापदंड** | |
| **योग्यताएँ** | किसी भी विज्ञान में पीएचडी किसी भी विज्ञान विषय में पीएच.डी. |
| **स्थिति** | सेवानिवृत्त सरकारी अधिकारी |
| **अनुभव** | सरकारी संगठनों में वरिष्ठ/उच्च अधिकारी के रूप में कम से कम 15 वर्ष का कार्य अनुभव। |
| **आयु सीमा** | आवेदन की तिथि तक अधिकतम 65 वर्ष। |
| **पारिश्रमिक** | भारत सरकार के समय-समय पर लागू नियमों एवं दिशानिर्देशों के अनुसार निर्धारित किया जाएगा। |
| **कार्य क्षेत्र** | विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी प्रबंधन, अनुसंधान एवं विकास प्रबंधन, परियोजना प्रबंधन, मानव संसाधन प्रबंधन, प्रशासनिक कार्य आदि |
| **कार्यकाल** | नियुक्ति एक वर्ष के लिए संविदा आधार पर होगी तथा यह इन्सा/ भारत सरकार के नियमों के अनुसार होगी। |
| | योग्य और इच्छुक अभ्यर्थी इन्सा द्वारा बताए गए बताए गए प्रपत्र में आवेदन कर सकते हैं। |
| **आवेदन करने की अंतिम तिथि** | 30 जून, 2026 |
| जो व्यक्ति इच्छुक हैं, वे अपना आवेदन अनुबंध-। में दिए गए प्रारूप में ईमेल से अधोहस्ताक्षरित को भेज सकते हैं। | |

**<u>परियोजना वैज्ञानिक III</u>**

**पदों की संख्या:** 01

**शैक्षणिक योग्यता:**

- प्राकृतिक विज्ञान/पर्यावरण विज्ञान/अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी में डॉक्टरेट डिग्री

**या**

- प्राकृतिक विज्ञान/पर्यावरण विज्ञान/अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी में मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से मास्टर डिग्री अथवा समकक्ष योग्यता।

**कार्य अनुभव:** औद्योगिक एवं शैक्षणिक संस्थानों, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संगठनों अथवा वैज्ञानिक गतिविधियों एवं सेवाओं में अनुसंधान एवं विकास का कम से कम 7 वर्ष का अनुभव।

<u>वांछित अनुभव अंतःविषय में प्रशिक्षण:</u>

- विज्ञान, प्रौद्योगिकी, पर्यावरण तथा संचार कौशल का समन्वित अनुभव।
- अनुसंधान एवं विकास, औद्योगिक, शैक्षणिक, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संगठनों अथवा डीएसटी, डीबीटी, सीएसआईआर, एमओईएस जैसे स्वायत्त संस्थानों में कार्य अनुभव।
- वैज्ञानिकों, सरकारी अधिकारियों, उद्योग प्रतिनिधियों एवं स्वायत्त संस्थानों सहित विभिन्न हितधारकों के साथ कार्य करने की क्षमता।
- अनुसंधान, नीति निर्माण अथवा पर्यावरणीय परियोजनाओं से संबंधित परियोजनाओं, समय-सीमा एवं बजट प्रबंधन का अनुभव।
- अंतरराष्ट्रीय नीतिगत मामलों एवं वैश्विक वैज्ञानिक मुद्दों की समझ।
- अंतरराष्ट्रीय संबंधों, अंतरराष्ट्रीय विज्ञान अकादमियों तथा INSA के साथ द्विपक्षीय संबंधों का अनुभव।

**आयु सीमा :** 45 वर्ष

**पारिश्रमिक :** ₹78,000 + मकान किराया भत्ता (प्रत्येक दो वर्ष के अनुभव पर, प्रदर्शन समीक्षा के अधीन, 5% वृद्धि) प्रति माह।

**आवेदन करने की आखिरी तारीख:** 30 जून, 2026

**सहायक (प्रकाशन)**

**पदों की संख्या:** 03

**शैक्षणिक योग्यता:**

विज्ञान या प्रौद्योगिकी की किसी शाखा में न्यूनतम 60% अंकों सहित मास्टर डिग्री **या** विज्ञान की किसी शाखा में न्यूनतम 60% अंकों सहित स्नातक डिग्री।

**कार्य अनुभव:**

स्नातक की स्थिति में न्यूनतम तीन (3) वर्ष और स्नातकोत्तर की स्थिति में एक (1) वर्ष का अनुभव; जो कि केंद्र/राज्य सरकारों, स्वायत्त संगठनों, विश्वविद्यालयों या प्रतिष्ठित संस्थानों में विज्ञान पत्रिकाओं अथवा विज्ञान पुस्तकों के संपादन, प्रूफ रीडिंग और प्रकाशन कार्य में होना चाहिए, साथ ही कंप्यूटर अनुप्रयोगों का कार्यसाधक ज्ञान होना आवश्यक है।

**आयु सीमा:** विज्ञापन की तिथि पर 32 वर्ष से अधिक नहीं।

**पारिश्रमिक :** ₹40,000 प्रतिमाह (समेकित) प्रति माह

**आवेदन की अंतिम तिथि:** 30 जून, 2026

**सहायक (वित्त)**

**पदों की संख्या:** 01

**शैक्षणिक योग्यता:**

मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से वाणिज्य में स्नातक डिग्री, न्यूनतम 60% अंकों सहित।

**कार्य अनुभव:**

केंद्रीय/राज्य सरकार, स्वायत्त संगठन, विश्वविद्यालय अथवा प्रतिष्ठित संस्थान के वित्त एवं लेखा अनुभाग में कम से कम 3 वर्ष का अनुभव। **या** वाणिज्य में स्नातकोत्तर डिग्री या एमबीए (वित्त) धारकों के लिए कम से कम 1 वर्ष का अनुभव परंतु स्नातक स्तर पर भी न्यूनतम 60% अंक होना अनिवार्य है। वित्त एवं लेखा संबंधी इंटर्नशिप या सीए आर्टिकलशिप को भी अनुभव माना जाएगा।

**वांछित:** कंप्यूटर एप्लीकेशन में डिप्लोमा।

**आयु सीमा :** विज्ञापन की तिथि पर 32 वर्ष से अधिक नहीं।

**पारिश्रमिक :** ₹40,000 प्रतिमाह (समेकित) प्रति माह

**आवेदन की अंतिम तिथि:** 30 जून, 2026

अकादमी बिना कोई कारण बताए किसी भी आवेदन को स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखती है।

(सुनील झोकरकर)

उप कार्यकारी निदेशक-I (वित्त एवं प्रशासन)

अनुबंध-I

## सामान्य नियम और शर्तें:

1. **नियुक्ति की अवधि:** क) नियुक्ति एक वर्ष की अवधि के लिए होगी जिसे अकादमी की आवश्यकता और अभ्यर्थी के कार्य-निष्पादन के अनुसार आगे बढ़ाया जा सकता है।
2. चयनित अभ्यर्थियों को निश्चित पारिश्रमिक (समेकित वेतन) दिया जाएगा तथा कोई अन्य भत्ता या लाभ नहीं दिया जाएगा।
3. **छुट्टी:** (क) संविदा कर्मियों को निर्धारित दिशानिर्देशों के अनुसार छुट्टी मिलेगी।
   (ख) संविदा कर्मियों को स्वीकार्य छुट्टी से अधिक अनुपस्थिति अवधि के लिए कोई पारिश्रमिक नहीं दिया जाएगा। अप्रयुक्त छुट्टी को आगे नहीं बढ़ाया जा सकता और न ही उसके बदले भुगतान किया जा सकता है।
4. **गोपनीयता और सत्यनिष्ठा:** (क) अकादमी के लिए एकत्रित सभी सूचना/डेटा तथा और वितरण योग्य सामग्री के बौद्धिक संपदा अधिकार (आईपीआर) अकादमी के पास रहेंगे।
   (ख) संविदागत जनशक्ति, अकादमी की लिखित अनुमति के बिना, अपने कार्य के प्रयोजन के लिए या अपने कार्य के दौरान एकत्रित की गई किसी भी सामग्री को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से किसी व्यक्ति या व्यक्तियों को संप्रेषित या प्रकट नहीं करेगी।
   (ग) संविदा कार्मिक किसी भी मामले में प्रतिनिधित्व या राय या सलाह नहीं देंगे जो इस अकादमी के हित के प्रतिकूल हो। उसे अपनी नियुक्ति अवधि के दौरान कोई अन्य कार्यभार संभालने की अनुमति नहीं है।
5. **नियुक्ति की समाप्ति:** (क) संविदा जनशक्ति की नियुक्ति पूर्णतया अस्थायी आधार पर है तथा वे अकादमी में किसी लाभ/मुआवजा /समायोजन /सेवा के नियमितीकरण के हकदार नहीं होंगे।
   (ख) अकादमी निम्नलिखित स्थितियाँ में संविदात्मक जनशक्ति की नियुक्ति समाप्त कर सकती है:
   (i) संविदा पर नियुक्त जनशक्ति सौंपे गए कार्य को पूरा करने में असमर्थ हो।
   (ii) कार्य की गुणवत्ता अकादमी की संतुष्टि के अनुरूप नहीं हो।
   (iii) संविदा पर नियुक्त जनशक्ति अकादमी द्वारा निर्धारित लक्ष्यों को समय पर प्राप्त करने में विफल
   रही हो।
   (iv) संविदा पर नियुक्त जनशक्ति में ईमानदारी एवम् सत्यनिष्ठा का अभाव पाया जाए।
   (ग) संविदा पर नियुक्त जनशक्ति अकादमी की सेवाएँ छोड़ने के लिए एक महीने का नोटिस देंगे। अकादमी द्वारा किसी भी समय बिना कोई कारण बताए और बिना किसी पूर्व सूचना के नियुक्ति समाप्त की जा सकती है।
   (घ) संविदा पर नियुक्त जनशक्ति अकादमी को सभी दस्तावेज, चाबियाँ और सभी आधिकारिक उपकरण आदि (यदि कोई हों) सौंप देंगे तथा अकादमी द्वारा अंतिम भुगतान जारी किए जाने से पहले कोई बकाया नहीं होने का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करेंगे।
6. **चयन प्रक्रिया:** योग्यता, अनुभव और साक्षात्कार में प्रदर्शन के आधार पर अभ्यर्थी का चयन किया जाएगा।

7. **अन्य शर्तें:** क) आवेदन पत्र अकादमी की वेबसाइट www.insaindia.res.in पर 'कैरियर' शीर्षक के पर अंतर्गत उपलब्ध है।

ख) अभ्यर्थियों के पास वैध सक्रिय ईमेल आईडी और मोबाइल नंबर होना आवश्यक है, जिसे आवेदन पत्र में सही और सुपाठ्य रूप से भरना होगा। अभ्यर्थियों को भेजे गए किसी भी मेल के बाउंस होने के लिए अकादमी जिम्मेदार नहीं होगी।

ग) अकादमी को किसी भी स्तर पर विज्ञापन रद्द करने और किसी भी संविदात्मक जनशक्ति की नियुक्ति न करने का अधिकार है। वह बिना कोई कारण बताए किसी भी या सभी आवेदनों को स्वीकार या अस्वीकार कर सकती है।

घ) अकादमी को सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से, परिस्थितियों के अनुरूप इन दिशानिर्देशों की समीक्षा करने का अधिकार है।

ङ) यदि आवश्यक हुआ तो एक वर्ष के बाद उनके कार्य-निष्पादन की समीक्षा कर उन्हें सेवा विस्तार दिया जाएगा।

(सुनील झोकरकर)

उप कार्यकारी निदेशक-I (वित्त एवं प्रशासन)

| | | |
|---|---|---|
| | Educational/Technical Qualification | |
| 10 | अनुभव/ Experience | |
| 11 | कंप्यूटर ज्ञान का विवरण/<br>Details of computer knowledge | |

**सेवानिवृत्त व्यक्तियों के लिए अतिरिक्त डेटा/ Additional data for retired persons**

| क्र.सं./ S.No. | विवरण/ Particulars | आवेदक द्वारा भरा जाना है/ To be filled by the Applicant |
|---|---|---|
| 1. | भारत सरकार की सेवा में शामिल होने की तारीख/ Date of joining GoI service | |
| 2. | सेवानिवृत्ति की तारीख/ Date of Retirement | |
| 3. | जिस पद से सेवानिवृत्त हुए हैं/ Post from which retired | |
| 4. | मंत्रालय/विभाग का नाम जहाँ से सेवानिवृत्त हुए हैं/ Name of the Ministry/Department from which retired | |
| 5. | अंतिम आहरित वेतन / Last pay drawn (प्रतिलिपि संलग्न करें/ enclose copy) | |
| 6. | पीपीओ संख्या /PPO Number (प्रतिलिपि संलग्न करें/enclose copy) | |
| 7. | सेवा के दौरान निष्पादित किए गए कार्यों की प्रकृति*/अनुभव/ Nature of duties attended while in service*/Experience | |

| | | |
|---|---|---|
| | | |

*यदि आवश्यक हो तो अतिरिक्त शीट संलग्न करें/Attach additional sheet if required.

ऊपर दी गई जानकारी सत्य है। मैंने अनुलग्नक-I में उल्लिखित नियम और शर्तों को ध्यानपूर्वक पढ़ा है और वे मुझे स्वीकार्य हैं। मैं प्रमाणित करता हूँ / करती हूँ कि आज की तारीख तक मेरे विरुद्ध कोई अनुशासनात्मक/आपराधिक कार्यवाही लंबित नहीं है/ The information furnished above is true. I have carefully read the terms and conditions mentioned in Annexure- I and are acceptable to me. I certify that no disciplinary/criminal proceedings are pending against me, as on date.

स्थान/ Place :

तारीख/ Date : (आवेदक के हस्ताक्षर/ Signature of the Applicant)

# भारतीय राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी
# INDIAN NATIONAL SCIENCE ACADEMY

बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली–110002

Bahadur Shah Zafar Marg, New Delhi-110 002

वेबसाइट / Website: www.insaindia.res.in

## भर्ती सूचना / RECRUITMENT NOTICE

भारत सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग की वृत्तिक निकाय, भारतीय राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी, एक वर्ष की अवधि के लिए संविदा के आधार पर विभिन्न पदों के लिए आवेदन आमंत्रित करती है। विस्तृत नियम व शर्तें तथा आवेदन पत्र इन्सा वेबसाइट **www.insaindia.res.in** पर उपलब्ध हैं। पात्रता मानदंड को पूरा करने वाले इच्छुक अभ्यर्थी दिनांक **30.06.2026** को या उससे पहले ईमेल **insa.admin@insa.nic.in** के माध्यम से आवेदन–पत्र जमा कर सकते हैं।

Indian National Science Academy, Professional Body of Department of Science & Technology, Govt. of India invites applications for various posts on contractual basis for a period of one year. Detailed terms and conditions and application Form are available on INSA website **www.insaindia.res.in**. Willing candidates fulfilling the eligibility criteria may submit proforma application through email **insa.admin@insa.nic.in** on or before **30.06.2026**.

**उप कार्यकारी निदेशक-I (वित्त एवम् प्रशासन)**

**Dy. Executive Director–I (F & A)**